**SET-4**

**Series GBM**

कोड नं. **40**

**Code No.**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **16** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# विधिक अध्ययन

# LEGAL STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*      *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours*      *Maximum Marks : 100*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं ।

*(ii)* **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं ।

*(iii)* प्रश्न संख्या **1** से **8** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **1** अंक निर्धारित है ।

*(iv)* प्रश्न संख्या **9** से **14** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **2** अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **50** शब्दों से अधिक न हो ।

*(v)* प्रश्न संख्या **15** से **20** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **4** अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हो ।

*(vi)* प्रश्न संख्या **21** से **24** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **5** अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **150** शब्दों से अधिक न हो ।

*(vii)* प्रश्न संख्या **25** से **30** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **6** अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **200** शब्दों से अधिक न हो ।

**General Instructions :**

*(i)* *There are **30** questions in all.*

*(ii)* ***All** the questions are compulsory.*

*(iii)* *Questions number **1** to **8** are multiple choice questions carrying **1** mark each.*

*(iv)* *Questions number **9** to **14** are short answer questions carrying **2** marks each. Answer to each of these should not exceed **50** words.*

*(v)* *Questions number **15** to **20** are short answer questions carrying **4** marks each. Answer to each of these should not exceed **100** words.*

*(vi)* *Questions number **21** to **24** are long answer questions carrying **5** marks each. Answer to each of these should not exceed **150** words.*

*(vii)* *Questions number **25** to **30** are long answer questions carrying **6** marks each. Answer to each of these should not exceed **200** words.*

**1.** वर्ष 1950 में भारतीय संविधान ने एक प्रधान न्यायाधीश तथा __________ न्यायाधीशों के उच्चतम न्यायालय पर विचार प्रस्तुत किया । *1*

(क) आठ

(ख) सात

(ग) बारह

(घ) चौबीस

In the year 1950, the Constitution of India envisaged a Supreme Court with one Chief Justice and ___________ judges.

(a) eight

(b) seven

(c) twelve

(d) twenty-four

**2.** आद्विक ने अपने मित्र संदीप को ₹ 50,000 में अपनी बाइक बेची जबकि उस बाइक का बाज़ार मूल्य ₹ 75,000 है । *1*

उपर्युक्त अनुबंध

(क) प्रवर्तनीय नहीं है क्योंकि आद्विक बाज़ार मूल्य से कम मूल्य पर अपनी बाइक नहीं बेच सकता ।

(ख) प्रवर्तनीय है क्योंकि मूल्य का पर्याप्त होना नहीं, वास्तविक होना आवश्यक है ।

(ग) प्रवर्तनीय नहीं है क्योंकि मूल्य ग़ैर-कानूनी है ।

(घ) प्रवर्तनीय है क्योंकि मूल्य पर्याप्त और तर्कसंगत है जबकि बाइक एकदम नई नहीं है ।

Aadwik sells his bike for a consideration of ₹ 50,000 to his friend Sandeep, whereas the market price of the said bike is ₹ 75,000.

The above agreement is

(a) not enforceable as Aadwik cannot sell his bike below the market price.

(b) enforceable as the consideration need not be adequate, but should be real.

(c) not enforceable as it is an unlawful consideration.

(d) enforceable as the consideration is adequate and reasonable as the bike is not brand new.

**3.** रितू अपनी मित्र रश्मि को एक हीरे की अँगूठी देती है । रश्मि अँगूठी को स्वीकार कर लेती है किंतु उसके बदले कोई भुगतान नहीं करती ।

रश्मि और रितू के बीच का संबंध है *1*

(क) पट्टाकर्ता और पट्टेदार

(ख) ग्राहक और विक्रेता

(ग) दाता और ग्रहीता

(घ) पट्टाकर्ता और उप-पट्टेदार

Ritu gives a diamond ring to her friend Rashmi. Rashmi accepts the ring but does not pay anything in return for the ring.

The relationship between Ritu and Rashmi is of

(a) Lessor and Lessee

(b) Buyer and Seller

(c) Donor and Donee

(d) Lessor and Sub-lessee

**4.** __________ का सिद्धांत कहता है कि "कोई विधिसम्मत कार्य करते हुए भी प्रशासनिक कार्रवाई न्यायोचित और तर्कसंगत होनी चाहिए ।" *1*

(क) संवैधानिक नैतिकता

(ख) प्राकृतिक न्याय

(ग) समानुपातिकता

(घ) विधिसंगत अपेक्षा

The Doctrine of __________ states that "Even in doing something legal, an administrative action must be fair and reasonable."

(a) Constitutional Morality

(b) Natural Justice

(c) Proportionality

(d) Legitimate Expectation

5. रौल्स का न्याय का पहला सिद्धांत कहता है कि *1*

(क) समान मूलभूत स्वतंत्र प्रणाली के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार होना चाहिए ।

(ख) विधिक सहायता की व्यवस्था से उन्हें सहायता मिलनी चाहिए जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं ।

(ग) यदि ऋणदाता अपने ग़रीब ऋणग्रहीता का लबादा ज़मानत के तौर पर ले ले, तो उसे शाम होने से पहले ही अवश्य लौटा देना चाहिए ।

(घ) प्रत्येक को स्वतंत्र जन्म लेने का, अपना ऋण चुकाने का और अगम्यागमन न करने का अधिकार है ।

Rawls' first principle of justice states that

(a) each person should have an equal right to the system of equal basic liberties.

(b) the provision of legal aid should help those who are socially and economically backward.

(c) if the creditor took his poor debtor's cloak in pledge, he must return it by nightfall.

(d) everyone has the right to be born as free, to work off his debt and no incest.

6. भारतीय संविधान के किस भाग व अनुच्छेद में राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों (डी.पी.एस.पी.) का उल्लेख है ? *1*

(क) भाग IV क, अनुच्छेद 51 क

(ख) भाग III, अनुच्छेद 51 क

(ग) भाग IV, अनुच्छेद 36 से 51

(घ) भाग III, अनुच्छेद 12 से 35

Directive Principles of State Policy (DPSP) are provided under which Part and Article of the Indian Constitution ?

(a) Part IV A, Article 51 A

(b) Part III, Article 51 A

(c) Part IV, Article 36 to 51

(d) Part III, Article 12 to 35

**7.** उच्चतम न्यायालय विधिक सहायता समिति (एस.सी.एल.एस.सी.) का अध्यक्ष होता है *1*

(क) उच्चतम न्यायालय का एक न्यायाधीश

(ख) संबंधित राज्य का राज्यपाल

(ग) महान्यायवादी

(घ) संबंधित राज्य के उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

The Chairman of the Supreme Court Legal Service Committee (SCLSC) is

(a) A Judge of the Supreme Court

(b) The Governor of the concerned State

(c) The Attorney General

(d) The Chief Justice of the High Court of the concerned State

**8.** भीमपुर शहर में सभी फैक्टरियों और मिलों को अपने कर्मचारियों (मज़दूरी पाने वाले और वेतनभोगी दोनों) के पूरे आँकड़े प्रस्तुत करने को कहा गया । राजेश्वर केमिकल वर्क्स ने निम्नलिखित आँकड़े प्रस्तुत किए : *1*

| लोगों की संख्या | आयु वर्ग | लिंग | |
|---|---|---|---|
| | | पुरुष | महिला |
| 4 | 12 वर्ष से 14 वर्ष | 3 | 1 |
| 6 | 15 वर्ष से 18 वर्ष | 4 | 2 |
| 5 | 20 वर्ष से 30 वर्ष | 3 | 2 |
| 5 | 31 वर्ष से 40 वर्ष | 3 | 2 |

* वेतन का भुगतान सरकारी व्यवस्था के अनुसार किया गया ।

** 12 से 14 वर्ष तथा 15 से 18 वर्ष के मज़दूरों को फैक्टरी के काम का समय पूरा होने के बाद राजेश्वर केमिकल वर्क्स द्वारा संचालित विद्यालय में अनिवार्य रूप से भेजा गया ।

राजेश्वर केमिकल वर्क्स को मूल अधिकारों के उल्लंघन के लिए नोटिस दिया गया ।

उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए जो राजेश्वर केमिकल वर्क्स की स्थिति का वर्णन करता है :

(क) किसी अधिकार का उल्लंघन नहीं हुआ क्योंकि राजेश्वर केमिकल वर्क्स अपने सभी कामगारों को उचित वेतन/मज़दूरी दे रहा था ।

(ख) अनुच्छेद 24 के अंतर्गत मूल अधिकार का उल्लंघन हुआ क्योंकि 14 वर्ष से कम वाले बच्चे भी वहाँ काम कर रहे थे ।

(ग) अनुच्छेद 14 के अंतर्गत मूल अधिकार का उल्लंघन हुआ क्योंकि पुरुषों और महिलाओं को समान संख्या में रोजगार नहीं दिया गया ।

(घ) अनुच्छेद 19 के अंतर्गत मूल अधिकार का उल्लंघन हुआ क्योंकि 12 से 18 वर्ष की आयु वर्ग वाले श्रमिकों को प्रत्येक शाम अनिवार्य रूप से स्कूल भेजा गया ।

In the city of Bheempur, all factories and mills were asked to submit the complete data about their employees (both wage-earners and salaried). Rajeshwar Chemical Works submitted the following data :

| Number of People | Age Group | Gender | |
|---|---|---|---|
| | | Male | Female |
| 4 | 12 years to 14 years | 3 | 1 |
| 6 | 15 years to 18 years | 4 | 2 |
| 5 | 20 years to 30 years | 3 | 2 |
| 5 | 31 years to 40 years | 3 | 2 |

* Salaries were paid according to the Government provisions.

** The workers in the age group of 12 years to 14 years and 15 years to 18 years were compulsorily sent to a school run by Rajeshwar Chemical Works, after the working hours of the factory were over.

Rajeshwar Chemical Works was served a notice for violation of Fundamental Rights.

Choose the correct option that describes the situation of Rajeshwar Chemical Works :

(a) No right has been violated as Rajeshwar Chemical Works was paying proper salary/wages to all its workers.

(b) Fundamental Right under Article 24 has been violated as children under the age of 14 are working there.

(c) Fundamental Right under Article 14 has been violated as equal number of males and females have not been employed.

(d) Fundamental Right under Article 19 has been violated as the workers in the age group of 12 years to 18 years were compulsorily sent to school every evening.

**9.** पुरू नाम के एक राहगीर ने देखा कि मुखौटा लगाए दो मोटरसाइकिल सवार बैंक ऑफ अलूबा के ए.टी.एम. को लूट रहे थे । उन्होंने ए.टी.एम. में नियुक्त गार्ड को भी घायल कर दिया था । पुरू ने मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर नोट कर लिया था । उसने न केवल ऐंबुलेंस बुलाई बल्कि अपराध घटित होने के बारे में पुलिस को भी सूचना दी और पास के थाने में प्रथम सूचना रपट लिखवाई । *2*

ऊपर दी गई स्थिति में :

(क) क्या प्रभारी पदाधिकारी मामले के तथ्यों और परिस्थितियों की जाँच करने के लिए बाध्य है ? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए ।

(ख) क्या होता है यदि पुलिस अपराध की जाँच से ही इनकार कर दे ?

Puru, a passer-by, saw two masked motorbikers looting the ATM of the Bank of Aluba. The bikers also injured the guard deputed at the ATM. Puru had noted the registration number of the motorbike. He not only called the ambulance but also informed the police about the commission of the offence by recording an FIR (First Information Report) in the nearest police station.

In the above given situation :

(a) Is the officer-in-charge bound to investigate the facts and circumstances of the case ? Give reason to your answer.

(b) What happens if the police refuse to investigate an offence ?

**10.** भारतीय संविधान के उन चार भागों का उल्लेख कीजिए जिनमें मानवाधिकारों के प्रारूप का समावेश है । *2*

State the four parts of the Indian Constitution which contain the Human Rights framework.

**11.** राष्ट्रीय महिला आयोग की किन्हीं चार शक्तियों का उल्लेख कीजिए जो सिविल न्यायालय के समान हैं । *2*

Write any four powers of the National Commission for Women, which are similar to that of a civil court.

**12.** 'ब्रेटन वुड्स ट्विन्स' के नाम से जाने जाने वाले दो संगठनों का गठन विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था को सहायता देने के लिए किया गया । *2*

(क) ऊपर उल्लिखित दोनों संगठनों की पहचान कीजिए ।

(ख) उनके प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए ।

Dubbed as the 'Bretton Woods Twins' these two organisations were formed to aid the economies of various countries.

(a) Identify the two organisations mentioned above.

(b) State their main functions.

**13.** विधिक सेवा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गठित केंद्रीय अधिकार की संरचना का उल्लेख कीजिए । *2*

State the composition of the Central Authority constituted under Legal Services Authorities Act.

**14.** संधि के अनुसमर्थन का क्या तात्पर्य है ? इसे क्यों प्रारंभ किया गया ? *2*

What is meant by Ratification of Treaty ? Why is it initiated ?

**15.** 'तीन जजों के मामले' के नाम से जाने जाने वाले तीन न्यायिक निर्णयों की श्रेणी (सीरीज़) आधुनिक कौलेजियम प्रणाली के विकास में कैसे सहायक हुई ? *4*

How has the series of three judicial decisions popularly known as the 'three judges case' helped in the development of the modern collegium system ?

**16.** विवाचन तथा मध्यस्थता की प्रक्रियाओं में अंतर स्पष्ट कीजिए । वैकल्पिक विवाद समाधान के इन दो रूपों के द्वारा संप्रेषित किन्हीं दो मूल्यों का उल्लेख कीजिए । *4*

Differentiate between Arbitration and Mediation processes. State any two values communicated by these two forms of Alternative Dispute Resolution.

**17.** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के किन्हीं आठ प्रकार्यों की सूची बनाइए । *4*

List any eight functions of the National Human Rights Commission.

**18.** अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के मुख्य प्रावधानों को निम्नलिखित बिंदुओं के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए : *4*

(क) अखिल भारतीय विधिज्ञ परिषद् का संगठन

(ख) भारतीय विधिज्ञ परिषद् के कोई दो प्रकार्य

(ग) राज्य विधिज्ञ परिषद् का गठन

(घ) राज्य विधिज्ञ परिषद् के कोई दो प्रकार्य

Explain the main provisions of The Advocates Act, 1961 in reference to the following points :

(a) Composition of the All India Bar Council

(b) Any two functions of the Bar Council of India

(c) Composition of the State Bar Council

(d) Any two functions of the State Bar Council

**19.** (क) प्रशासनिक विधि क्या है ?

(ख) प्रशासनिक विधि के किन्हीं दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए । *4*

(a) What is Administrative Law ?

(b) Give any two aims of administrative law.

**20.** "उच्चतम न्यायालय के केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973) के मुक़दमे के ऐतिहासिक निर्णय में संविधान के 24वें संशोधन अधिनियम का एक उत्तर था जो संविधान के अनुच्छेद 13 तथा अनुच्छेद 360 को भी प्रभावित करता है ।" स्पष्ट कीजिए । *4*

"The decision in the landmark 1973 Supreme Court case of Kesavananda Bharati V. State of Kerala was an answer to the $24^{th}$ Amendment Act to the Constitution affecting Article 13 and Article 368." Explain.

**21.** शाब्दिक रूप में 'ओम्बड्समन' का आशय है — प्रतिनिधि । भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *5*

(क) भारत में और भारत के राज्यों में 'भ्रष्टाचार-विरोधी ओम्बड्समन' की पहचान कीजिए ।

(ख) भारत में 'भ्रष्टाचार-विरोधी ओम्बड्समन' की संरचना लिखिए ।

(ग) भारत में 'बैंकिंग तथा बीमा ओम्बड्समन' की पहचान कीजिए और उसकी भूमिका बताइए ।

Literal meaning of 'Ombudsman' is representative. With respect to India, answer the following questions :

(a) Identify the Anticorruption Ombudsman in the Indian States and in India.

(b) State the composition of Anticorruption Ombudsman in India.

(c) Identify the Banking and Insurance Ombudsman in India and state its role.

**22.** (क) भारत के नागरिकों को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत उपलब्ध छह स्वतंत्रताओं का उल्लेख कीजिए ।

(ख) निम्नलिखित में से कौन-सा तर्कसंगत प्रतिबंध हो सकता है ? अपने उत्तर के लिए कारण भी दीजिए ।

(i) कुछ लोगों के किसी समुदाय द्वारा विरोध करने के कारण किसी पुस्तक की बिक्री पर प्रतिबंध ।

(ii) दूसरों को हिंसा करने के लिए उकसाने की संभावना वाले भाषण देने पर रोक । *5*

(a) State the six freedoms which are available to the citizens of India, under Article 19 of the Indian Constitution.

(b) Which of the following can be a reasonable restriction ? Give reason for your answer.

(i) Restrictions on the sale of a book because of protests by a group of people.

(ii) Prohibition on making inciting speeches that may provoke others to commit violence.

**23.** “विधिक सहायता आंदोलन के विकास को सामाजिक इंजीनियरिंग की धीमी और प्राय: अचेतन प्रक्रिया का अनुगमन करने वाले देर से हुए सचेत प्रयास के रूप में देखा जाता है ।” उपर्युक्त कथन के संदर्भ में, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *5*

(क) सामाजिक इंजीनियरिंग का क्या आशय है ?

(ख) नि:शुल्क विधिक सहायता के द्वारा विकासशील सभ्यताएँ किस प्रकार सामाजिक इंजीनियरिंग की ओर उत्तरोत्तर बढ़ती गईं ?

(ग) नि:शुल्क विधिक सहायता के प्रावधान से संप्रेषित होने वाले किन्हीं दो मूल्यों का उल्लेख कीजिए ।

“The growth of legal aid movement is seen as one of the late conscious attempts in social adjustment that followed the slow and often unconscious process of Social Engineering.”

In reference to the above statement, answer the following questions :

(a) What is meant by Social Engineering ?

(b) How did the developing civilizations progressively move towards Social Engineering through free legal aid ?

(c) State any two values communicated by the provision of free legal aid.

**24.** (i) युनाइटेड किंगडम विधिक व्यवसाय तथा विधिक शिक्षा के संदर्भ में, निम्नलिखित बनने के लिए प्रावधानों को समझाइए :

(क) सॉलिसिटर

(ख) बैरिस्टर

(ii) युनाइटेड किंगडम में वह व्यक्ति भी कैसे वकील (लौयर) बन सकता है जो कानून विषय में स्नातक (ग्रैजुएट) न हो ? *5*

(i) In terms of legal profession and legal education in the United Kingdom, explain the provisions to become the following :

(a) A Solicitor

(b) A Barrister

(ii) How can a non-law graduate become a lawyer in the United Kingdom ?

**25.** उन तीन तरीकों की व्याख्या कीजिए जिनसे भारत के न्यायालयों में न्यायिक पुनरीक्षण का अवसर विकसित हुआ और जिसे भारत के उच्चतम न्यायालय के द्वारा भी अपनाया जाता है ? *6*

Explain the three ways in which the scope of judicial review has evolved in the courts in India and has been practised by the Supreme Court of India ?

**26.** रामिश के पास डिफेंस कॉलोनी, दिल्ली में एक आवास था । इसका मूल्य ₹ 85 लाख आँका गया था । उसने इस संपत्ति का स्वामित्व सुदीप और समीर को सम्मिलित रूप में अंतरित कर दिया । उन्होंने मकान का पुनरुद्धार किया और ₹ 15,000 प्रति मास पर 3 वर्ष के लिए श्री कैलाश को इस पर कब्जा दे दिया । सुदीप और समीर में इस संपत्ति के स्वामित्व अधिकारों के बारे में एक विवाद पैदा हो गया । वाद की विचाराधीनता के दौरान सुदीप ने श्रीमती निधि को बिना किसी मूल्य के संपत्ति को अंतरित कर दिया । समीर ने इस अंतरण को चुनौती दी । *6*

(i) रामिश, सुदीप, समीर, श्री कैलाश और श्रीमती निधि में हुए तीन प्रकार के अंतरणों की पहचान कीजिए ।

(ii) समीर ने किन आधारों पर अन्तरण को चुनौती दी ? अपनी आपत्ति को न्यायोचित ठहराने के लिए समीर के द्वारा किन स्थितियों को पूरा करना होगा ?

Ramish had a residential accommodation at Defence Colony in Delhi. It was valued at ₹ 85 lakhs. He transferred the ownership and possession of this property to Sudeep and Sameer jointly. They got the house renovated and gave its possession to Mr. Kailash for a period of 3 years on a monthly charge of ₹ 15,000. A dispute arose between Sudeep and Sameer and the ownership rights of the property became disputed. During the pendency of the suit, Sudeep initiated the transfer of property to Ms. Nidhi without any consideration. Sameer challenged this transfer.

(i) Identify the three types of transfers that took place between Ramish, Sudeep, Sameer, Mr. Kailash and Ms. Nidhi.

(ii) On what grounds has Sameer challenged the transfer ? What conditions should be satisfied by Sameer in order to justify his objection ?

**27.** नीचे दी गई स्थिति में किस वैकल्पिक विवाद समाधान (ऑल्टरनेट डिस्प्यूट रिज़ॉल्यूशन) का अनुगमन करना होगा ? पहचान कीजिए और व्याख्या कीजिए : *6*

(क) झारखंड में स्थित एक केमिकल फैक्टरी के प्रबंधक शिखर धवन तथा इसकी श्रमिक समिति में एक श्रम विवाद पैदा हो गया । विवाद के पक्षों ने निपटान के लिए श्री निशिकांत झा (उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश) को निष्पक्ष तृतीय पक्ष (थर्ड पार्टी) के रूप में नियुक्त किया । श्री निशिकांत झा ने उनके विवाद और दावों को निपटाने के लिए पक्षों को संभावित हल सुझाते हुए हस्तक्षेपी (इंटरवेंशनिस्ट) की भूमिका निभाई ।

(ख) श्री साहिल कुमार और श्रीमती अनुष्का कुमार में एक वैवाहिक झगड़ा पैदा हो गया । यद्यपि उनका मामला एक नियमित न्यायालय में पहले से ही चल रहा था, उन्होंने अपने झगड़े को निपटाने के लिए एक संस्था से संपर्क किया । इस संस्था ने प्रक्रियात्मक नियमों का पूर्ण पालन नहीं करते और इस संस्था का निर्णय झगड़े के दोनों पक्षों पर बाध्यकारी था ।

(ग) श्री शर्मा और श्री नारायण पड़ोसी हैं और 'युनाइटेड हाइट्स' अपार्टमेंट्स में रह रहे हैं । उनमें रास्ते के अधिकार के बारे में एक झगड़ा पैदा हो गया जो दूसरे की भूमि से गुज़रने की अनुमति देने की एक सुविधा है । उन्होंने आपसी सहमति से श्री अय्यर (सोसाइटी के सचिव) को अपने झगड़े के निपटान के लिए निष्पक्ष तीसरी पार्टी के रूप में नियुक्त किया । श्री अय्यर पक्षों को उनके मामले का मूल्यांकन प्रस्तुत करने में एकाग्र हो गए और उन्हें एक निपटारे की ओर निर्देशित किया ।

Identify and explain which Alternative Dispute Resolution is followed in the given situation :

(a) A labour dispute arose between Mr. Shikhar Dhawan (Manager) of a chemical factory located in Jharkhand, and its Workmen Association. The parties to the dispute appointed Mr. Nishikant Jha (a retired High Court judge) as a neutral third party, to resolve their dispute. Mr. Nishikant played the role of an interventionist by suggesting potential solutions to the parties in order to resolve their disputes and claims.

(b) A matrimonial dispute arose between Mr. Sahil Kumar and Mrs. Anushka Kumar. They both approached an institution for the settlement of their dispute, even though their case was already pending in the regular court. This institution does not follow strict application of procedural laws and the decision of this institution was binding on the parties to the dispute.

(c) Mr. Sharma and Mr. Narayan are neighbours and residing in 'United Heights' Apartments. A dispute arose between them regarding the right of way (type of easement that allows a person to pass through another's land). They mutually appointed Mr. Iyyer (Society Secretary), as a neutral third party to resolve their dispute. Mr. Iyyer focused on providing the parties with an evaluation of their case and directed them towards settlement.

**28.** (क) भारत में एक एडवोकेट के रूप में नामांकित होने के लिए योग्यता के मानदंड क्या हैं ?

(ख) भारत में कोई एडवोकेट, एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड्स कैसे बन सकता है ?

(ग) भारत में कोई विधिवक्ता सार्वजनिक नीति के प्रतिपादन और उस पर राय देने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका कैसे निभा सकता है ? *6*

(a) State the eligibility criteria for being enrolled as an advocate in India.

(b) How can an advocate in India become an Advocate on Records ?

(c) How do lawyers in India play an important role in formulating and advising on public policy ?

**29.** "नागरिकों को अपनी न्यायालय प्रणाली में विश्वास के लिए जब आवश्यक हो तो सभी लोगों की पहुँच न्यायालयों तक होनी चाहिए ।"

उपर्युक्त कथन पर विचार करते हुए निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *6*

(क) भारत सरकार द्वारा भारत में प्रारंभ की गई विधिक सहायता के इतिहास की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

(ख) विधिक सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय विधिक प्रणाली में उल्लिखित प्रावधानों को समझाइए ।

(ग) नि:शुल्क विधिक सहायता की अवधारणा के द्वारा संप्रेषित दो मूल्यों का उल्लेख कीजिए ।

"In order for citizens to have faith in their court system, all people must have access to the courts when necessary."

Considering the above statement, answer the following questions :

(a) Trace the history of legal aid in India as initiated by the Government of India.

(b) Explain the provisions stated in the Indian Legal System for providing legal aid.

(c) State the two values communicated by the concept of free legal aid.

**30.** अंतर्राष्ट्रीय विधि क्या है ? इसके स्रोतों पर प्रकाश डालिए । *6*

What is International law ? Elucidate its sources.